केन्द्रीय विद्यालय संगठन
Kendriya Vidyalaya Sangathan
क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ
Regional Office, Lucknow
शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन
Under Ministry of Education, Govt. of India
Website : https://rolucknow.kvs.gov.in/

पत्रांक-26350(7)/लखनऊ संभाग/2023-24 दिनांक- 05.09.2023

संदेश

शिक्षक दिवस के पुनीत पर्व पर सभी सेवारत व सेवानिवृत शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर साथियों को हार्दिक शुभकामना के साथ उनके स्वस्थ जीवन की मंगलकामना करता हूँ|

हमारे विद्यालय वातावरण में एक शिक्षक को, अत्यंत निर्मल व कोमल ह्रदय का बालक मिलता है, जिसे मानव संवेदनाओं से परिपूर्ण, प्रबुद्ध, जिम्मेदार एवं निष्ठावान नागरिक तैयार करनें का दायित्य शिक्षक का होता है | शिक्षक ही बालमन में राष्ट्रप्रेम, सद्भाव, त्याग, समर्पण, प्रेम, करुणा, सत्य, अहिंसा आदि स्वस्थ विचारों का रोपण करता है ताकि यह सब पल्लवित होकर उसके विचार चिंतन व कर्म से सहज ही समाज व राष्ट्र के गौरव को आलोकित करें|

आज के इस शुभ अवसर पर हम सभी श्रृद्धा से अपने प्रेरक व मार्गदर्शक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी को नमन करते हुए संकल्प लें कि अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा व लगन से करेंगे ताकि भावी पीढ़ी एक सुदृण राष्ट्र का निर्माण करे|

भारतीय समाज में शिक्षक का सदैव अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रहा है एवं अपेक्षाएं भी उसी के अनुरूप रहीं हैं| केन्द्रीय विद्यालय संगठन के शिक्षकों द्वारा सदैव कर्मठता एवं कर्तव्यपरायणता के उच्च कीर्तिमान स्थापित किये गए हैं| इस अवसर पर मै सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके अप्रतिम योगदान के लिए नमन करता हूँ जिन्होंने इस संस्था को गौरवशाली इतिहास के साथ श्रेष्ठ वर्तमान व उज्ज्वल भविष्य दिया है|

एक बार पुनः सभी साथियों को सपरिवार इस पुनीत अवसर पर अत्यंत सुखद व स्वस्थ जीवन की मंगलकामना के साथ उनके व्यवसायिक जीवन में निरंतर उन्नयन की शुभकामना संप्रेषित करता हूँ|

05/9/2023
(देवेन्द्र कुमार द्विवेदी)
उपायुक्त

Scanned by CamScanner